## न्यूज कार्नर

### प्रधान जिला न्यायाधीश से वकीलों ने रखी अपनी मांग



**नरसिंहगढ़।** अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय शर्मा, अभिभाषगण प्रदीप सक्सेना, राजेंद्र रघुवंशी, शाहिद सैफी, नरेंद्र रुवाला ने प्रधान जिला न्यायधीश राजीव आप्टे से सौजन्य भेंट की जाकर अभिभाषकगणों द्वारा प्रस्तावित नवीन न्यायालय भवन के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए भोपाल बायपास पर स्थित रेशम केंद्र की राजस्व भूमि पर न्यायालय भवन का निर्माण किए जाने का निवेदन पत्र सौंपा गया। इसके साथ ही नरसिंहगढ़ तहसील के थाना स्तर के गांवों को पुनः नरसिंहगढ़ कोर्ट में सम्मिलित करने के संबंध में मांग रखी गई। वही अन्य मुद्दे में पचोर न्यायालय शीघ्र प्रारंभ करने, नरसिंहगढ़ न्यायालय में कर्मचारियों की कमी को पूरा करने तथा न्यायधीशगणों के आवास के सर्वसुविधा युक्त आवास निर्माण किए जाने के संबंध में चर्चा कर अभिभाषक गणों द्वारा प्रस्ताव रखा गया।

### जम्मू कश्मीर में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**जीरापुर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बेसरन घाटी में गत मंगलवार को आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों को करीब से गोली मार कर नृशंस हत्या कर दी। वहीं इस आतंकी हमले में करीब दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए ऐसे में आतंकियों की इस कायराना करतूत को लेकर देश भर में गुस्सा और कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जा रही है। बुधवार को नगर के एडवांस किड्स एकेडमी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों व शिक्षकों सहित पूरे स्टाफ द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्म शांति हेतु सभी ने 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ई के जोशी ने आतंकवादियों के इस हमले को कायरता पूर्ण हमला बताते हुए इसकी घोर निंदा की। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षकों सहित अन्य स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा जिन्होंने ने इस घटना पर गहरा दुःख जताया एवं इस हमले में घायल हुए लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से कामना की गई।

### लगातार दूसरे दिन नपा ने की कार्रवाई, दो ट्राली सामान भरकर ले गई टीम, बस स्टैंड पर रोजाना बन रहे जाम के हालात, दुकानदारों पर नहीं हो रहा असर

# सीएमओ ने दुकानों के सामने फैलाकर रखा सामान किया जब्त





**जागरण, ब्यावरा**

शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और दुकानदारों को अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश की तमाम कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं। नपा और प्रशासन द्वारा पूर्व में अतिक्रमण हटाकर दुकानें शि ट करने से लेकर दुकानों के सामने से कच्चा-पक्का अतिक्रमण हटाकर व्यवस्थाएं सुचारू की थीं, लेकिन कुछ ही महिने व दिनों में दुकानदारों ने फिर वही जाम और अव्यवस्थाओं के हालात पैदा कर दिए हैं। शहर के सुठालिया बायपास चौराहे पर हीरो शोरूम के आसपास बनी दुकानों के सामने सड़क तक फैलाकर रखे सामान से रोजाना जाम के हालत बन रहे थे। इस पर नपा सीएमओ इकरार एहमद द्वारा स ती बरतना शरू दिया। बुधवार शाम सीएमओ एहमद ने दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाते हुए सामान की जब्ती की।

**दिनभर रहे जाम के हालात, लगी वाहनों की कतारें :** दुकानों के सामने अतिक्रमण और सामान फैलाकर रख दिया जाता है। इसके बाद दुकानों पर आने वाले ग्राहकों की बाइकें व चार पहिया वाहन भी खड़े हो जाते हैं। ऐसे में सड़क संकरी होने से रोड से होने वाला आवागमन बाधित होता है और जाम लग जाता है। बुधवार को शाम 4 बजे से 5 बजे तक बस स्टैंड, हीरो शोरूम के सामने चौराहते पर जाम लगा रहा। वाहनों की क्रासिंग नहीं होने से बामुश्किल वाहन निकल पाए। ऐसे में लोगों ने सीएमओ से शिकायत की। इसके बाद सीएमओ नपा कर्मचारियों की टीम और ट्रैक्टर-ट्राली के साथ मौके पर पहुंच गए और दुकानें के सामने रखे पानी की टंकी, पाइप, बरसाती आदि सामान की जब्ती शुरू कर दी। कार्रवाई को अंजाम देने सीएमओ ने स्वयं सामान उठाकर जब्ति की। इस दौरान दो ट्रालियों में जब्त का माल समेट कर नपा टीम अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई के एक दिन पहले मंगलवार को भी सीएमओ ने बालाजी मंदिर के सामने से सड़क पर लगने वाले सब्जियों के ठेलों को हटाने के साथ सामान जब्ति की कार्रवाई की थी। साथ ही दुकानदारों को सड़क पर दुकानें नहीं लगाने की स त हिदायत दी थी। लेकिन दूसरे दिन फिर हालात जस के तस देखे गए।

#### पैवर्स कार्य भी बन रहा जाम का कारण

नगर में नपा द्वारा सड़क के दोनों तरफ पैवर्स लगाए जा रहे हैं। इसके लिए ठेकेदार द्वारा पैवर्स लगाने सड़क की साइडों की खुदाई करके कई दिनों के लिए छोड़ दिया जाता है। वहीं सड़क पर पैवर्स रख दिए जाते हैं। जिससे सड़क से वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है और जाम के हालात बन जाते हैं।

### सम्मेलन स्थल पर समाजबंधुओं ने आयोजन की बनाई रूपरेखा

## जाटव समाज का तृतीय निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन कल



**जागरण, ब्यावरा**

जाटव समाज का तृतीय निःशुल्क विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को समीपस्थ ग्राम मोया में आयोजित होने जा रहा है। इसमें समाज के विवाह योग्य वर-वधुओं को परिणय बंधन में बांधा जाएगा। सम्मेलन को लेकर एक दिन पूर्व नव युवक जाटव समाज समिति, ब्यावरा नगर समिति एवं सम्मेलन समिति के पदाधिकारियों के साथ जिलेभर से आए जाटव समाज के वरिष्ठजनों एवं स्थानीय लोगों ने तैयारियां को लेकर बैठक आयोजित की।

बैठक विवाह स्थल स्कूल खेल मैदान ग्राम मोया में मंगलवार शाम 7 बजे आयोजित हुई। इसमें मौजूद लोगों ने सम्मेलन में होने वाले कार्यों, व्यवस्थाओं और तैयारियों को लेकर अपने-अपने विचार रखे। वहीं अपनी ओर से आर्थिक रूप से सहयोग और सामग्री प्रदान करने की घोषणाएं की गई। इस मौके पर मोया गांव की स्थानीय समिति व ग्रामीणों की ओर से विवाह सम्मेलन में रसोई खर्च और भोजन कराने की व्यवस्था की जिम्मेदारी ली। इस दौरान बारात आगमन से लेकर तोरण, फेरे आदि की पूरी रूपरेखा बनाई गई। बारात आगमन शाम 7 बजे होगा। इसके बाद विवाह की सभी रस्में पूरी कर सुबह 4 बजे नवदंत्तियों की विदाई की जाएगी।

बैठक में नवयुवक जाटव समाज जिलाध्यक्ष राधेश्याम पवैया, युवा जाटव सेवा समिति ब्यावरा अध्यक्ष सोनू जाटव, सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बिजोरिया, जगदीश जाटव ठेकेदार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पत्रकार लक्ष्मीनारायण पवैया, मुकेश जाटव, ओमप्रकाश साबदिया, सेवानिवृत रजिस्ट्रार दयाराम सोरकिया, संजय भदोरिया, गोपाल चोरगेले, राजू जाटव, मदन जाटव सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

### जल निगम को दी मारकर गाड़ने की धमकी, कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुई एफआईआर

## एयरवॉल्ब तोड़ने से 40 गांव में फैला जलसंकट किसान पर एफआईआर, 3 लाख का जुर्माना

**जागरण, ब्यावरा**

जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव और घर-घर नलों से पीने का पानी पहुंचाने करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वहीं अभियान चलाकर पानी की बचत करने नलों में टोटियां लगवा रहा है, जिससे कहीं पर भी लोगों को जल संकट का सामना न करना पड़े। ऐसे में कुछ लोग दर्जनों गांवों की प्यास बुझाने के लिए डाली गई पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। इससे गांवों में जल संकट बन रहा है। ऐसा ही एक मामला खिलचीपुर ब्लॉक के ग्राम कुआंखेड़ा से सामने आया है। यहां एक किसान ने अपने खेत के पास से निकली जल निगम की पाइन के एयर पास करने के लिए लगाए जाने वाले एयर वॉल को तोड़कर अपने में सिंचाई करने से 40 गांवों में जलसंकट का मामला सामने आया है। खेत सींचने के लिए एक आरोपी द्वारा पेयजल पाइप लाइन का वॉल्व तोड़ डाला। इससे 40 गांवों की पेयजल सप्लाई बाधित हो गई। समझाइश देने गए जल निगम के अमले से अभद्रता भी और जान से मारकर खेत में गाड़ने की धमकी दी गई। इस मामले की सूचना जल निगम की टीम ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तक पहुंचाई। इस पर कलेक्टर के हस्तक्षेप पर पुलिस ने निगम की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। साथ ही निगम ने आरोपी पर पाइप लाइन



क्षतिग्रस्त करने और उससे होने वाले नुकसान को लेकर करीब तीन लाख का जुर्माना भी लगाया है।

जानकारी के अनुसार जल निगम कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने खिलचीपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है कि ग्राम कुआंखेड़ा निवासी रामकैलास पुत्र देवीलाल दांगी ने मप्र जल निगम की पेयजल लाइन के एयर वॉल्व को तोड़कर खेत की सिंचाई की जा रही थी। इस कारण इलाके के 40 गांवों में पेयजल सप्लाई प्रभावित होने से हजारों लोग गर्मी में पेयजल के लिए हलाकान हो रहे थे। इतना ही नहीं मौके पर समझाइश देने गई टीम के सदस्यों से आरोपी ने न केवल अभद्रता की, बल्कि उन्हें जान से मारकर खेत में दफनाने की धमकी भी दी।

**पानी चोरी से रोजाना दर्जनों गांवों में जल संकट :** जल निगम महाप्रबंधक एस.के. जैन ने बताया कि क्षेत्र में जरूरत से तकरीब दो गुना पेयजल सप्लाई किए जाने के बाद भी करीब दर्जनों गांवों में रोज ही पानी की किल्लत हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ग्रामीणों द्वारा लगातार जगह जगह पेयजल पाइप लाइनों को तोड़ कर पानी चोरी करना है। अधिकांश मामलों में सूचना के बाद भी पुलिस कार्यवाही से मुंह चुराती है।

#### कलेक्टर के हस्तक्षेप पर हुई एफआईआर

इधर मामले की शिकायत पुलिस में किए जाने के बावजूद आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके बाद मप्र जल निगम के अधिकारियों द्वारा मामला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के संज्ञान में लाया गया। इस पर कलेक्टर के हस्तक्षेप पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता सहित मप्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। साथ ही लाइन तोड़ने और जल के अवैध उपयोग करने के एवज में जल निगम द्वारा आरोपी पर 2 लाख 87 हजार 704 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

## आतंकी हमले के शिकार लोगों को सर्वदलीय सभा में दी श्रद्धांजलि



**जागरण, ब्यावरा**

विगत दिवस कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 28 निर्दोष नागरिकों को ब्यावरा के पीपल चौराहा पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर नगर के सभी वर्गो के नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए देश की सरकार से त्वरित कड़ी कार्यवाही के लिए आग्रह किया। वक्ताओ ने अपने सम्बोधन में कहा की इस तरह की घटना कारित कर देश की अखंडता और आपसी भाईचारे को चुनौती देने वाली ताकतों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र यादव, गिरिराज शर्मा बालाजी, पत्रकार श्याम चौरसिया, मुकेश सक्सेना, फरीद एहमद, शिव अहिरवार, आफताब खान, कैलाश बरोठ, कैलाश कुशवाह, अर्पित शर्मा, लक्की दांगी सहित अनेक वक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पवन अग्रवाल ने किया। श्रद्धांजलि सभा में दिलीप राजपाल, हुजेफा मुराद, शबीर हुसैन, एहसान सैफी, दाऊद सैफी, यूनुस मोहम्मद, गिरिराज शाक्यवार, समीर खान, फिरोज लाला, कमलेश विश्वकर्मा, संजय बंसल, जगदीश सेन, सईद एहमद आदि लोग मौजूद रहे।

### विधायक-सांसद ने किया लाखों रुपए के ग्राम माना एवं मानपुरा गुजराती में भूमि पूजन व लोकार्पण

## जनता की सुख-सुविधाएं प्राथमिकता : सांसद



**जागरण, कुरावर**

बुधवार को सुबह 11 बजे समीपस्थ ग्राम माना में सांसद रोडमल नागर व विधायक मोहन शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर 16 लाख 37 हजार कि सुदूर सड़क ग्राम माना से देवस्थान काकरिया मीना तक फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम पंचायत के समीप 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी किया। वही ग्राम मानपुरा गुजराती में श्रीश्री 1008 श्री महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास महाराज की उपस्थिति में लालघाटी हनुमान मंदिर परिसर में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन व सामुदायिक कूप का भूमिपूजन किया। इस दौरान दोनों ग्रामों में सांसद रोडमल नागर में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा समुचित विकास ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक होने एवं आगे करने की बात भी कहीं वही विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष भर पहले हम या ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण करने आए थे जब ग्राम वासियों ने सुदूर सड़क एवं सामाजिक भवन के निर्माण की मांग की थी उसे हमने एक साल में पूर्ण कर दिया है। साथ ही उन्होंने मानपुर में भी यह कहा कि ग्राम पंचायत भवन पर दिया है। सामुदायिक भवन का भूमि पूजन भी किया है और भी इस परिसर में जो भी आवश्यकता लगेगी उसको हम पूरा करेंगे। उन्होंने पहलगांव में हुई घटना को लेकर कहा की उसे घटना का जवाब भी हम शीघ्र देंगे आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा की 70 साल की सरकार में एक ही परिवार के नाम से योजना चलाई जाती थी अब पद के नाम से योजना चलाई जाती है। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में तीन इंदिरा आवास आते थे अब 300 प्रधानमंत्री आवास आ रहे हैं विकास की चिंता भाजपा सरकार कर रही है। कार्यक्रम को राधेश्याम पचवारिया ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन ब्रजकिशोर मीणा ने किया तो आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई ने माना। कार्यक्रम में विशेष रूप से एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी, जनपद पंचायत सीईओ राजीव मिश्रा, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, उपाध्यक्ष हेमराज, चौधरी मुरारी मीणा, हिरदेश चंद्रवंशी, सरपंच फूल सिंह चौधरी, गोविंद मीणा, भंवरलाल कलमोदिया, लक्ष्मीनारायण पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, दिनेश दांगी, गंगा प्रसाद चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष रवि पाल, दिनेश गुप्ता, कल्लू मीना, मोती सिंह बिलारी, कैलाश मीना, विनोद शर्मा आदि उपस्थित थे।

## पराली जलाने में जला घर व कृषि का सामान, पुलिस से शिकायत की



**जागरण, सुठालिया**

जहां एक ओर शासन-प्रशासन लगातार किसानों से खेतों में खड़ी पराली जलाने की मनाही कर रहा है और वहीं दूसरी ओर किसान खेतों में खड़ी गेहूं की पराली लगातार जल रहे हैं ऐसा ही एक मामला नजदीकी ग्राम रेलाई में देखने को मिला जहां पराली जालाने पर अनावेदक के खेत पर बने झोपड़ी नुमा मकान में आग लग गई, जिससे उसका सामान जल गया जिससे नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम रेलाई में संतोष पिता पीतम सिह व नरेंद्र सिंह पिता पीतम सिंह ने अपने खेत में गेहूं की नरवाई एवं कचरे में आग लगा दी, जिससे आग कोमल सिंह पिता शिवचरण लोधी के खेत तक पहुंच गई और खेत पर ही बने उसके मकान में आग लग गई। वहीं पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए झोपड़ी में रखे सामान मोटर पाइप व जल गए। इसके अलावा अन्य सामान भी जलकर नष्ट होगा, जिससे उसको काफी नुकसान हुआ है। आवेदक ने थाने में और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने हेतु आवेदन दिया था लेकिन पुलिस ने फिलहाल आवेदन लेकर जांच करने की बात कही है।

### 12 जून को आषाढ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को गुरु तारा होगा अस्त, पांच जुलाई को उदित

## मई में सबसे ज्यादा विवाह, जून में सबसे कम, कुल 31 शुभ मुहूर्त

**जागरण, सारंगपुर**

खरमास खत्म होते ही सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। अप्रैल से जून तक विवाह के 31 शुभ मुहूर्त हैं। पंचांग भेद के कारण कुछ और तिथियों में भी विवाह होंगे। सबसे ज्यादा शादियां मई में होंगी। मैरिज गार्डन, घोडी, बैंड-बाजा, खाना आदि की बुकिंग एक माह पहले से हो चुकी है।

मैरिज गार्डन संचालक निलेश वर्मा ने बताया कि मई में सभी गार्डन फुल हो चुके हैं। पं. पवन पारीक ने बताया कि 12 जून को आषाढ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा गुरुवार को गुरु तारा अस्त होगा। 5 जुलाई को गुरु तारा उदित होगा। इस कारण आषाढ में विवाह के शुभ मुहूर्त नहीं हैं। हर साल भडली नवमी पर अंतिम शुभ मुहूर्त होता था, जो इस बार नहीं रहेगा। फिर भी लौकिक परंपरा अनुसार भडली नवमी पर विवाह होंगे। भडली नवमी और अक्षय तृतीया ऐसे मुहूर्त माने जाते हैं, जिनमें बिना मुहूर्त देखे भी शुभ कार्य किए जा सकते हैं।

**ग्रह-नक्षत्र और सितारों की स्थिति देखकर ही तय होते हैं मुहूर्त :** पं. पवन पारीक ने बताया कि विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए शुक्र और गुरु का उदय होना जरूरी होता है। ग्रह-नक्षत्र और सितारों की स्थिति देखकर ही मुहूर्त तय किए जाते हैं।



लड़के के विवाह के लिए चौथा, आठवां और बारहवां सूर्य शुभ नहीं माना जाता। अगर शुक्र और गुरु दोनों अस्त हों तो विवाह के लिए मुहूर्त नहीं निकलता।

**इन तारीखों में हैं मुहूर्त :** अप्रैल में 25, 29 और 30 तारीख को विवाह के शुभमुहूर्त हैं। मई में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28 और 29 तारीख को विवाह होंगे। जून में 1, 2, 4, 5, 7, 8 और 10 तारीख को को शुभ शुभ मुहूर्त मुहूर्त हैं। 10 जून को इस सीजन का अंतिम शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद देवउठनी एकादशी से फिर से विवाह शुरू होंगे।

### पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**ब्यावरा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू लक्षित आतंकी हमले में 28 लोगों की दुःखद मौत हो गई। यह हमला आतंकवादियों ने पर्यटकों के नाम और धर्म पूछकर किया। इस वीभत्स हमले के विरोध में एवं मृतकों की आत्मशांति के लिए बुधवार शाम 7 बजे सकल हिन्दू समाज द्वारा पीपल चौराहा ब्यावरा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें शहर के गणमान्य लोगों ने बड़ी सं या में शामिल होकर घटना के विरोध में अपने विचार व्यक्त किए और आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि प्रदान की।

## शराब दुकान हटने से ग्रामीण में हर्ष



**जागरण, ब्यावरा**

बोड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 14 कस्बे में स्थित देशी-अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान को हटवाने की मांग को लेकर नगरवासियों द्वारा तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया था, जो अब सफल आंदोलन में तब्दील हो गया है। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के सकारात्मक सहयोग से शराब दुकान को उक्त स्थान से हटा दिया गया है। इस जीत की खुशी में रविवार को वार्डवासियों ने पुरानी शराब दुकान के पास भव्य रूप से सुंदरकांड पाठ, समारोह एवं सहभोज का आयोजन कर आंदोलन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का सम्मान कर आभार प्रकट किया।

**धरने के दौरान मिले थे आश्वासन :** ज्ञात हो कि लगातार तीन दिन चले शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन के बाद बोड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा, ठेकेदार मोहन शिवहरे एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत धरना स्थल पहुंचे थे। उन्होंने वार्डवासियों को तीन दिवस में शराब दुकान स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया था। नगरवासियों की एकजुटता, जनप्रतिनिधियों की तत्परता और ठेकेदार के सहयोग से आखिरकार शराब दुकान को स्थानांतरित कर दिया गया।

### ठंडे पानी के लिए व्यापारियों ने रोकी मंडी में नीलामी

**ब्यावरा।** शहर की कृषि उपज मंडी में ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं होने से जहां किसान परेशान हैं, वहीं व्यापारी भी त्रस्त हैं। मंडी परिसर में धनिया और गल्ला की नीलामी अलग-अलग होती है। ऐसे में धनिया की मंडी में व्यापारियों के लिए ठंडे पानी के कैंपर रखे गए, लेकिन गल्ला व्यापारियों के लिए ठंडा पानी उपलब्ध नहीं होने पर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए मंडी में नीलामी कार्य रोककर हड़ताल कर दी। आधा घंटे से अधिक समय तक नीलामी रुकने से किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंडी प्रबंधन द्वारा व्यापारियों के लिए ठंडे पानी के कैंपर रखवाए इसके बाद व्यापारियों ने नीलामी कार्य शुरू किया। उल्लेनीय है कि मंडी में जब व्यापारियों को ही ठंडा पानी नहीं मिल रहा है, तो किसानों के सूखे कंठों के लिए ठंडे पानी के क्या इंतजाम होंगे, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## न्यूज कार्नर

### पहलगाम आतंकी हमले पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**जागरण महिदपुर।** ईसाई धर्म के विश्वगुरू पोप फ्रांसिस के निधन एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मृतक जनों को उनकी आत्मा की शांति हेतु संत जोसफ कॉन्वेंट स्कूल महिदपुर में 23/04/2025 को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था प्रमुख फादर जार्ज वडक्केल ने पोप फ्रांसिस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पोप फ्रांसिस अपनी सादगी,सेवा और समर्पण के लिए जाने जाते थे। आपने परम पिता प्रभु ईषु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया एवं मानव कल्याण के लिए समर्पित रहे। आपने सदैव धर्म को राजनीति से अलग रखा जिसके परिणाम स्वरूप संपूर्ण विश्व की श्रद्धा प्राप्त हुई। विद्यालय प्राचार्य, उप प्राचार्या सहित शिक्षक परिवार ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर विश्व गुरू पोप फ्रांसिस एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में मृतक जनों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

### परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी



**जागरण महिदपुर ।** आगामी 10 मई शनिवार को नगर में परशुराम जयंती के आयोजन को लेकर कोर कमेटी के सदस्य सहित महिदपुर नगर झाड़ा महिदपुर रोड़ क्षेत्र के युवाओं मातृ शक्ति की उपस्थिति में एक बैठक औदिच्य ब्राह्मण धर्मशाला में मंगलवार की रात्रि में संपन्न हुई बैठक में परशुराम जयंती आयोजन के संयोजक शिवनारायण शर्मा, कैलाश जोशी पहलवान, संजय जोशी, वरिष्ठ एडवोकेट व्यास, श्रीराम शर्मा, मनोज शर्मा पटवारी, जितेंद्र पाठक, डा. अमृत रावल, राकेश पंड्या के अलावा समाज की महिदपुर नगर भाजपा मंडल अध्यक्षा एवं पार्षद उमा पांडे, गोरी परुलेकर, मुक्तिका शर्मा आदि मौजूद रहे। गौरी परुलेकर, उमा पांडे तथा मुक्तिका शर्मा ने बड़ी संख्या में मातृशक्ति की आयोजन में उपस्थिति के लिये महिलाओं से संपर्क करने का संकल्प लिया है, बैठक में युवाओं को विभिन्न जवाबदारियां सौंपी गई। आभार प्रदीप पंड्या ने माना।

### धार्मिक आयोजन के लिये दिये वाद्य यंत्र व पानी की टंकी दिये



**जागरण महिदपुर।** महिदपुर रोड़ ग्राम करमदी में स्थित इच्छापूर्ण बालाजी हनुमान मंदिर में राजाखेड़ा मंडल अध्यक्ष गोपाल डांगी तथा उनके सदस्यों ने बालाजी मंदिर में पहुंचकर अपनी ओर से धार्मिक आयोजन आरती सुंदर कांड तथा हनुमान चालीसा के दौरान उपयोग के लिये वाद्य यंत्र तबला, पेटी, झांझ, मझीरे एवं मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिये पीने के पानी संग्रहण के लिये 2 हजार लीटर पानी की टंकी मंदिर आयोजन संचालन समिति को सहयोगार्थ प्रदान की।

# पंचक्रोशी यात्रा की विधिवत शुरुआत

## दो दिन पहले यात्रा पर रवाना हुए श्रध्दालु - पिंगलेश्वर से आज सुबह कायावरोहरणेश्वर पड़ाव की ओर बढ़े





**जागरण उज्जैन।** पंचक्रोशी यात्रा तिथि के अनुसार 23 अप्रैल से आरंभ हुई है, लेकिन हर बार की तरह यह दो दिन पहले यात्रियों ने शुरु कर दी थी। मंगलवार शाम तक लगभग 30 हजार पंचक्रोशी यात्री पिंगलेश्वर पड़ाव पहुंच गए थे और आज उन्होंने अगले पड़ाव की ओर बढ़ना शुरु कर दिया। हजारों श्रद्धालु आज भी पंचक्रोशी यात्रा पर निकल रहे हैं।

पंचक्रोशी यात्रा का विधिवत शुभारंभ आज 23 अप्रैल से हो गया है, लेकिन इसके दो दिन पहले सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पड़ावों पर आधी अधूरी व्यवस्थाओं के बीच यात्रा शुरु कर दी थी। कल शाम तक लगभग 30 हजार से अधिक पंचक्रोशी यात्री निर्धारित तिथि के एक दिन पहले आस्था की डगर पर निकल पड़े थे और शाम तक पहले पड़ाव पिंगलेश्वर पहुंच गए थे। सुबह यह यात्री कायावरोहरणेश्वर पड़ाव की ओर रवाना हो रहे थे। बुधवार सुबह से शाम तक भी हजारों श्रद्धालु पंचक्रोशी के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि हर साल की तरह इस साल भी पंचक्रोशी यात्रा तय तिथि से पहले यात्रा शुरु कर चुके हैं। इधर अभी भी पड़ावों पर यात्रियों के लिए व्यवस्थाएँ की जा रही, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न आए। वहीं दूसरी ओर कल लगभग 30 हजार पंचक्रोशी यात्रियों के अलग-अलग जत्थे पिंगलेश्वर पड़ाव की ओर रवाना हो गये थे। यहां श्रद्धालुओं के लिए टेन्ट लगाने, पानी की व्यवस्था कर दी गई थी और पांडालों में पंचक्राशी यात्रियों ने रात गुजारी। इधर आज बुधवार से विधिवत पंचक्राशी शुरु करने वाले सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात तक नगर प्रवेश किया और आज सुबह शिप्रा स्नान के बाद पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुँचे। यहाँ भगवान का पूजन किया और बल लेकर गोपाल मंदिर होते हुए सतीगेट मार्ग से निजातपुरा होकर कोयला फाटक स्थित प्रवेश द्वार की ओर बढ़ गए थे। कल जो लोग रवाना हो गए थे वे आज सुबह पिंगलेश्वर पड़ाव से कायावरोहरणेश्वर पड़ाव की ओर रवाना हो गए थे। इधर बुधवार सुबह रामघाट पर हजारों की संख्या में पंचक्रोशी यात्री तथा अन्य श्रद्धालु पहुंचे।

जिन्होंने घाट स्नान किया और उसके बाद देव दर्शन किए। फिर यहां से भी हजारों की संख्या में पंचक्राशी यात्रियों ने नागचंद्रेश्वर मंदिर आकर बल लिया और फिर पंचक्रोशी के लिए निकल पड़े। उल्लेखनीय है कि 118 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 5 पड़ाव और 2 उपपड़ाव से होकर गुजरते हैं। पटनी बाजार नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल लेकर यह यात्रा शुरु होती है और यात्रा का 5 दिन बाद समापन भी इसी मंदिर में बल लौटाकर श्रद्धालु करते हैं।

# कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना के काम में आई तेजी



**जागरण उज्जैन।** शिप्रा को शुद्ध बनाने के लिए कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके तहत जमीन के अंदर आरसीसी से बने बड़े-बड़े पाइप बिछाए जा रहे हैं जिनकी मदद से कान्ह का दूषित पानी का डायवर्शन कर गंभीर डेम की डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जाएगा ताकि शिप्रा का पानी हमेशा साफ और स्वच्छ रहे। इस परियोजना को सिंहस्थ से पहले पूरा करने का लक्ष्य है।

कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना के अंतर्गत ग्राम जमालपुरा में कान्ह नदी पर बैरोज बनाया जाएगा। इससे नदी के गंदे पानी को क्लोज डक्ट के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा। निर्माण एजेंसी रिवर वोल्ट हाइड्रो प्रालि द्वारा इसका काम तेजी से किया जा रहा है।

इस परियोजना की कुल लंबाई 30.150 किलोमीटर है। इसमें 18.150 किमी लंबाई में कट एंड कवर द्वारा क्लोज डक्ट का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा 12 किमी लंबी टनल का काम भी चल रहा है। इस परियोजना को अगले 25 सालों तक की जनसंख्या बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए बनाया जा रहा है। वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व से पहले सितंबर 2027 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

### वर्षों से शिप्रा को प्रदूषित कर रही कान्ह नदी

कई वर्षों से इंदौर से आने वाली कान्ह नदी के गंदे पानी से ही शिप्रा नदी के पानी में सबसे ज्यादा गंदगी फैलती है। इसके चलते पर्व और त्यौहारों के मौके पर नर्मदा का जल शिप्रा में छोड़ा जाता है ताकि श्रद्धालु साफ पानी में स्नान कर सकें। हालांकि, कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना के पूरा होने के बाद कान्ह के गंदे पानी को शिप्रा में मिलने से पहले ही रोक दिया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को स्नान के लिए हमेशा साफ पानी मिलेगा।

# असामाजिक तत्व कर रहे हरसिद्धि मंदिर की गरिमा को धूमिल

## पुजारीगणों ने कहा मंदिर में अपना अधिकार जमाना चाहते हैं, श्रद्धालुओं से कर रहे ठगी



**जागरण उज्जैन।** हरसिध्दि मंदिर में कुछ लोगो द्वारा निजी स्वार्थ के चलते मंदिर में अव्यवस्था फैलाई जा रही है जिससे मंदिर की गरिमा भंग हो रही है।

मंदिर के पुजारीगणों एवं दीपमालिका वालों ने बताया कि कुछ नियमित दर्शनार्थी महिलाएं मंदिर में अपना अधिकार चाहती हैं और मंदिर की व्यवस्था में आये दिन हस्तशेप करते हैं। इन्होने मंदिर को अपने आय का स्त्रोत बना रखा है। आए दिन आरती में खड़े होने के माध्यम से श्रध्दालुओं को बहला फुसलाकर रूपए ठगने का काम करते हैं। इन लोगो की पूर्व में भी श्रध्दालुओ ने शिकायत की है। मंदिर में श्रद्धालुओं को बहला पुसलाकर जजमान बनाना और कर्मचारीयो, पूजारियों और दीपमालिका लगाने वालो को निजी स्वार्थ के कारण ब्लैकमेल किया जा रहा है। पूर्व में महिला गार्ड के साथ अभद्रता की और आपत्तीजनक शब्दो का इस्तमाल किया। इसी प्रकार पुरुष गार्ड के साथ भी अभद्रता कर उनके साथ दूर व्यवहार किया गया। यहां की एक नियमति दर्शनार्थी द्वार दीपमाला लगाने के लिए तेल की मांग की जाती है। कुछ आसामाजिक महिलाओं ने एक पूजारी पर भी व्यक्तिगत आरोप लगाया गया था जिसका मंदिर की व्यवस्था से संबंध नहीं है ना ही किसी पूजारी द्वारा मंदिर परिसर के अंदर कृत्य किया जाता है। जिसमें मंदिर की गरिमा धूमिल होती है। मंदिर की व्यवस्था पुजारीगण एवं प्रबंध समिति के माध्यम से सुचारु रूप से चल रही है जिसमें किसी भी नियमित दर्शनार्थी एवं श्रद्धालुओ को कोई शिकायत नहीं है। लेकिन मंदिर परिसर में कुछ लोगों द्वारा अनैतिक चंदा कर अपना वर्चस्व लगाने के लिए प्रसाद वितरण किया जाता है। एक नियमीत दर्शनार्थी द्वारा आए दिन मंदिर के प्रशासक के साथ बार-बार अभद्रता की। जोशीजी, सोनीजी, पाटीदारजी एवं वर्तमान प्रशासक के साथ भी अभद्रता की गई।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए 6 टीमें नजर रखेंगी



**जागरण उज्जैन।** अक्षय तृतीया आगामी 30 अप्रैल को आ रही है। इस दिन अबूझ मुहूर्त में हजारों विवाह संपन्न होंगे। इस दौरान बाल विवाह रोकने के लिए जिले में विकासखंड स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 टीमों का गठन किया जाएगा। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारी बाल विवाहों पर नजर रखेंगे और कार्रवाई करेंगे।

उल्लेखनीय है कि अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त होने के कारण शादियों की भरमार रहती है। कई सामूहिक संगठन और सामाजिक संगठन अपने-अपने क्षेत्र के लोगों के लिए विवाह समारोह आयोजित कराते हैं। इन सभी विवाह समारोहों पर नजर रखने और बाल विवाह रोकने के लिए 6 टीमों का गठन करते हुए उडऩ्दस्ते को तैनात करने की तैयारी शुरु कर दी है। ज्ञात हो कि इस तारीख को ग्रामीण सहित शहरी इलाकों में भी भारी मात्रा में बाल विवाह करवाने की शिकायतें सामने आती हैं, जिसके चलते अब तक दो टीमें नजर रखती थीं, लेकिन इस बार विकासखण्ड स्तर पर दल बनाकर नजर रखी जाएगी।

# महाकाल को अर्जी देने निकले किसानों को पुलिस ने रोका सड़क से किया महाकाल को षाष्टांग दंडवत



**जागरण उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन की लेण्ड पूल नीति और सरकार की हठ धार्मिता का विरोध करने निकले किसानों के आंदोलन को भाजपा के शासन ने कुचलने का प्रयास किया। शहर के चारों ओर बेरीकेटिंग कर दी ताकि किसान अपनी जमीन बचाने के लिए बाबा महाकाल के दरबार में प्रार्थना अर्जी नहीं लगा सके। कई किसानों को घरों से उठवा कर थाने में बंद कर दिया। 23 अप्रैल की सुबह चारधाम मंदिर के बाहर ही किसानों को रोक लिया, एक घंटे किसान कांग्रेसियों के साथ सड़क पर बैठे रहे, सड़क पर से ही शिखर दर्शन कर बाबा महाकाल को षाष्टांग दंडवंत प्रणाम किया।

विधायक महेश परमार ने कहा आक्रांताओं की भाजपा सरकार किसानों की सुनने को तैयार नहीं, किसान बाबा महाकाल के सामने अपनी पीड़ा सुनाने निकले तो उन्हें मंदिर भी नहीं जाने दिया। सिंहस्थ क्षेत्र में किसान पुरखो, बाप दादा की भूमि पर खेती कर जीवन यापन कर रहें हैं। मध्य प्रदेश सरकार किसानो की आधी भूमि सिंहस्थ के नाम से हमेशा के लिए छीन रही हैं। उक्त जमीन को बचाने के लिए सरकार के सभी जबावदारो से किसान निवेदन याचन कर चुके हैं, किंतु कोई सुनने वाला नहीं है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा किसानों की आवाज दबाने के लिए पुलिस किसानों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ करने तक पर उतारू हो गई है। कमेड़ में किसान के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। महिलाओं के साथ बर्बरता की, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग में भगवान के दर्शन, पूजन से राक्षस रोका करते थे।

# यह हमला चुप रहने और सहने लायक नहीं : भाटी

## जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमले की कांग्रेस ने की निंदा



**जागरण उज्जैन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला अत्यंत दुखद, निंदनीय है। यह घटना चुप रहने और सहने लायक नहीं है।

यह बात शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने शहीद पार्क स्थित शहीद स्तंभ पर जम्मू कश्मीर में आतंकियों की गोली का शिकार हुए निर्दोषों को श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए कही। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, संगठन मंत्री अजय राठौर, पार्षद माया त्रिवेदी, प्रेमलता रामी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ठाकुर, अरुण वर्मा, मोहित जायसवाल, वरुण शर्मा, नीलम विश्वास, रश्मि त्रिवेदी, हितेश शर्मा, मनोज त्रिवेदी, राजेश बाथली, चंदू यादव, फूल चंदेरिया, कृष्ण यादव, पार्षद अर्पित दुबे, दारा सिंह राणा, परमानंद मालवीय, फिरोज पठान, अनवर नागोरी, वीरेंद्र गोसर, संदीप सूर्यवंशी, श्रवण शर्मा, रमेश परिहार, मनोज त्रिवेदी, मुख्तियार भाई, रहीम लाल, वीरेंद्र शर्मा द्वारा हमले में घायल हुए लोगों के अच्छे स्वास्थ्य और दिवगंत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### पर्यटकों पर आतंकी हमला कायराना और घोर निंदनीय - मंगेश श्रीवास्तव

**जागरण उज्जैन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला घोर निंदनीय है। इस कायराना और अमानवीय कृत्य में कई निर्दोष लोगों की जान गई है। भारत तिब्बत समन्वय संघ के नगर जिला मंत्री मंगेश श्रीवास्तव ने सभी दिवंगतों की पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 'इस घृणित कृत्य में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि हमले में सभी घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।' मंगेश श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दू एक है एक ही रहे है।' 'यहां के मुसलमानों को भी अपनी अपनी मस्जिदों से ऐलान करना चाहिए आतंकवाद के खिलाफ। असदुद्दीन ओवैसी बात बात में हिंदू मुस्लिम करने वाला अब उसके मुंह में क्या सांप घुस गया है कि वह पाकिस्तान की निंदा ओर आतंकवाद के निंदा भी नहीं कर पा रहा है। आतंकवाद के खिलाफ हमारा देश एकजुट है, आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोई भी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी और इस कुकृत्य का मुँहतोड़ जवाब आतंकियों को अवश्य मिलेगा।''

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जेएनआईबीएम परिवार ने जताया शोक




**जागरण उज्जैन।** पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान , विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संपूर्ण शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाक पोषित आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। इस नृशंस हमले में 28 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई।

संस्थान की ओर से जारी शोक संदेश में मृतकों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

साथ ही, इस कायराना हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों के विरुद्ध शीघ्र और कठोर कार्यवाही की अपेक्षा व्यक्त की गई। संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. कामरान सुल्तान एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने जेएनआईबीएम परिवार एवं एल्युमिनी एसोसिएशन की ओर से शोक व्यक्त करते हुए सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने इस कठिन समय में देशवासियों से एकजुट होकर आतंक के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया और कहा कि हमारा पूर्ण समर्थन और सहानुभूति पीड़ित परिवारों के साथ है। संस्थान में इस अवसर पर एक सामूहिक मौन प्रार्थना का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और देश में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की कामना की।

# महंत रामशरणदासजी महाराज की चरण पादुका का हुआ पूजन



**जागरण उज्जैन।** श्री रामजन्मभूमि मंदिर न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास महाराज के कृपापात्र शिष्य महंत रामशरणदास महाराज की चरण पादुका का पूजन 23 अप्रैल को महंत नृत्यगोपालदास महाराज गौशाला परिसर में हुआ। साथ ही सर्वसम्मति से महंतश्री नृत्यगोपालदासजी गौशाला के संचालन का जिम्मा महंत दीदी राममंजुल दासजी की सहमति से समिति अध्यक्ष के रूप में महंत राघवेंद्रदासजी हनुमानवाटिका को सौंपा गया। गौशाला संचालन समिति के सचिव गोकुलसिंह मताना, सदस्य भगवानसिंह, प्रकाशसेठ पंथपिपलई, रतनसिंह, मुन्नासिंह, जयसिंह दरबार को बनाया गया। इस दौरान मणीरामदासजी छावनी अयोध्या के महंत, श्रीमहंत नृत्यगोपालदासजी महाराज के उत्तराधिकारी श्रीमहंत कमलनयनदासजी, महामंडलेश्वर सीतारामदासजी भारत साधु सभा प्रदेशअध्यक्ष गुजरात, संतसमिति गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर रामशरणदासजी, भावनगर गुजरात से महामडलेश्वर रामप्रियदासजी, महामंडलेश्वर पुरूषोत्तमदासजी शिवपुरी, श्रीमहंत रामभजनदासजी ग्वालियर, श्रीमहंत विजयरामदासजी गुलावड़, श्रीमहंत विष्णुदासजी नासिक, स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वरदासजी, सचिव महंतश्री रामेश्वरगिरीजी, राज्यसभा सांसद उमेशनाथजी, निर्वाणी अखाड़े के महंत दिग्विजयदासजी, दिगंबर अखाड़े के महंत रामचंद्रदासजी, जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष सांवेर दिलीप चौधरी, अरविंद भारद्वाज नागदा मौजूद रहे। पूजन के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में संत, महंतों ने प्रसादी ग्रहण की। संतों ने आशा व्यक्त की कि श्रीस्वामी नृत्यगोपालदास जी गौशाला आश्रम नवाखेडा में गायों की सेवा में, सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में, वैदिक शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ गौशाला उत्तरोत्तर प्रगति करेगी, विकसित होगी।

### सीएम डॉ. यादव को भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा का न्यौता दिया

**जागरण उज्जैन।** गंगा सप्तमी वैशाख शुक्ल को भगवान श्री चित्रगुप्त का प्राकट्य दिवस 4 मई 2025 को मनाया जाएगा । भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा एवं कुटुंब रसोई का आयोजन उज्जैन में होगा जिसका आमंत्रण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को आयोजन समिति की ओर से वल्लभ भवन दिया गया साथ ही मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा में जिस रथ में भगवान सवार हो कर जनता को दर्शन देते है उस रथ का शासकीय पूजन शुरू कराया जाए । कार्यक्रम संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा एवं कुटुंब रसोई का निरंतर 8 वें वर्ष रविवार 4 मई 2025 को आयोजन किया जाएगा जिसका आमंत्रण प्रदेश के मुखिया डाक्टर मोहन यादव को भोपाल स्थित वल्लभ भवन पहुंच कर दिया गया तथा अनुरोध किया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा का शासकीय पूजन शुरू कराया जाए। आयोजन समिति की ओर से जब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया गया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी की यात्रा में 50 से अधिक समाज प्रमुख व प्रतिनिधियों ने सहभागिता करने के लिए पहल की है।

## न्यूज कार्नर

### खिरिया महू में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**जागरण,अशोकनगर।** बुधवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खिरिया महू में डी कंपनी प्रीमियर लीग के सीजन-3 का शुभारंभ विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय एवं आंवरी सरपंच प्रतिनिधि विजय बैरागी द्वारा किया गया। अतिथियों ने बताया है कि खेलों में हारजीत चलती रहती है पर अच्छा खिलाड़ी या टीम वहीं है जो जीतने से ज्यादा खेल भावना को सर्वोपरि रखे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आंवरी सरपंच प्रतिनिधि विजय बैरागी, टूर्नामेंट के आयोजक सहित ग्रामीण जन और खिलाड़ी उपस्थित थे।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से हुई मौत

**अशोकनगर।** बीती 16 अप्रैल को कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक चालक ने अपनी मोटर सायकिल को तेजी व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर महेश रघुवंशी की मोटर सायकिल में टक्कर मार दी थी जिससे महेश रघुवंशी पिता पहलवान सिंह उम्र 32 साल निवासी अशोकनगर की मृत्यू हो गयी।

**दैनिक जागरण**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

अशोकनगर- विवेक शर्मा 8989886424

शाढ़ौरा- एड. रेखा नामदेव 9406974033

मुंगावली-राजीव भगत 9425467032

ईसागढ़-अमित गोस्वामी 8103007137

चंदेरी- शैलेश चौबे 9340320612

बंगलाचौराहा- हरिओम त्यागी 9977645021

जिला कार्यालय- तायड़े कॉलोनी, अशोकनगर

# नपा ने जब्त किया पाइप लाइन बिछा रही कंपनी का सामान

## बिना अनुमति खोदे जा रहे थे तायड़े कालोनी में गड्ढे, सीएमओ ने भेजी टीम



**जागरण अशोकनगर।**

शहर में लोगों के घर घर तक पाइप लाइन के माध्यम से किचिन तक घरेलू गैस भेजने के काम को अंजाम दिया जाना है। इस प्रोजेक्ट पर पिछले कई सालों से काम चल रहा है। पर अभी तक घरों तक गैस पहुंचाने के लिए जो पाइप लाइन बिछाई जानी है उसका काम भी पूरा नहीं हो पाया है। काम की गति काफी धीमी है। अभी तक पाइप लाइन बिछाने का का ही पूरा नहीं हो पाया है। यहीं नहीं काम भी अनुबंध के अनुसार नहीं हो रहा है जिसके चलते बुधवार को नपा प्रशासन ने गड्ढे खोदने के काम के दौरान कंपनी का सामान ही जप्त कर लिया है।

बताया जा रहा है कि घर-घर तक गैस पहुंचाने के लिए इंडियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत शहर की त्रिलोक पुरी कॉलोनी, यादव कॉलानी तायडे कालोनी, दुर्गा कालोनी आदि में पाइप लाइन बिछाकर घरेलू गैस की सप्लाई दी जाएगी। नपा अधिकारियों के अनुसार कंपनी को 2021 में पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई की परमिशन दी गई थी। गड्ढे खोदने के बाद पाइप लाइन बिछाने के बाद इन्हें सही तरीके भरना भी था। सीएओ विनोद उन्नीतान ने बताया है कि पिछले दो तीन दिन से लगातार शिकायत मिल रही थी कि इनके द्वारा जगह-जगह गड्ढे किए जा रहे हैं। परसों ही मैंने पूरी फाइल देखी थी और निर्देश दिए थे। आज ही सूचना मिली थी कि इन्होंने कहीं बिना अनुमति के गड्ढे किए तो नपा की अतिक्रमण की पूरी टीम भेजकर सामान जप्त करने भेज रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि नोटिस जारी कर पिछले दो साल में इन्होंने जो काम किए हैं वो पूरे मंगवा रहे हैं। यदि अनुबंध की अवधि समाप्त हो गई होगी तो निरस्त कर आगे की कार्यवाही करेगें

**सिंगवासा से पाइन लाइन के जरिए आएगी पीएनजी:** इंडियन ऑयल कारपोरेशन के द्वारा गुना जिले के सिंगवासा से पीएनजी (पाईंटेड नेचुरल गैस) पाइप लाईन डालते हुए शहर तक पहुंचाई जाएगी। शहर के समीप 1.2 हेक्टेयर में इसका एक केंद्र स्थानीय स्तर पर बनाया जाएगा। वहीं से शहर की उन कालोनियों मे गैस सप्लाई की कंट्रोल होगी जहां कनेक्शन दिए जा रहे हैं। कनेक्शन लेने वाले लोगों के घरों तक सीधे पाइप के जरिये गैस पहुंचा शुरू हो जाएगी। वॉल चालू करते ही गैस सप्लाई चालू हो जाएगी।

# तुलसी सरोवर के पास बनेगा स्थाई विसर्जन कुंड

## भूमिपूजन कार्यक्रम स्थगित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जागरण अशोकनगर।**

नगर पालिका द्वारा तुलसी सरोवर के आंवरी वाले छोर किनारे स्थाई विसर्जन कुंड का निर्माण कराया जाना है। इस हेतु बुधवार को भूमि पूजन कार्यक्रम होना था पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि आप सभी को पता है कि कल दोपहर बाद पहलगाम में जो घटना हुई है वह बहुत ही वीभत्स घटना है, पूरा देश शोक मग्न है। इस कारण भूमि पूजन कार्यक्रम निरस्त किया गया है। हमने पार्षदों के साथ आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि अब तक दुर्गा प्रतिमाओं और गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नपा द्वारा प्रतिवर्ष अस्थायी विसर्जन कुंड का निर्माण किया जाता था। इसमें समय और धन खर्च होता था। इसी कारण नपा द्वारा स्थाई विसर्जन कुंड निर्माण कराने का निर्णय लिया गया था। विसर्जन कुंड करीब 89 लाख रुपये खर्च किए जाएगें। कुंड करीब पंद्रह फीट गहरा होगा। इसकी चौडाई भी पर्याप्त रखी जाएगी। कुंड तक पहुंचने के लिए तीन मीटर की सड़क होगी जिसके माध्यम से प्रतिमाओं को कुंड तक पहुंचाया जाएगा। घाट भी बनाए जाएगें जहां से छोटी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा। फुटपाथ बनाया जाएगा जहां रैलिंग लगाई जाएगी जहां खड़े होकर लोग विसर्जन होते देख सकेंगे।

# राज्य कर्मचारी संघ तहसील एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का हुआ गठन



**जागरण मुंगावली।**

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का निर्वाचन बीआरसी कार्यालय मुंगावली में संपन्न हुआ जिसमें मुंगावली तहसील के अध्यक्ष झलकन सिंह, सचिव गोपाल परिहार कोषाध्यक्ष मालम सिंह कार्यकारी अध्यक्ष कपिल जाटव चुने गए।

वही मुंगावली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सेन, ब्लॉक सचिव संतोष पाठक और ब्लॉक कोषाध्यक्ष संजीव गोस्वामी चुने गए। इस अवसर पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष संतोष शर्मा,जिला सचिव रघुवीर शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह यादव, विष्णु साहू ईशागढ से उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे पहलगाम में आतंकी हमले मैं मारे गए भारतवासियों को श्रदांजलि देने के लिए न तो अतिथियों ने ओर न ही नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने माला पहनी। कार्यक्रम के उपरांत पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### प्याऊ भी एक पुण्य कार्य है: मनोज शर्मा




**जागरण अशोकनगर।**

बैशाख के महीने में धर्मार्थ लोग प्याऊ के माध्यम से राहगीरों को निःशुल्क पानी की व्यवस्था चौराहों और बस स्टैण्ड पर करते हैं। शहर के समाजसेवी पानी की जरुरत पड़ने वाले स्थानों पर प्रतिवर्ष प्याऊ लगाकर निःशुल्क ठंडा पानी पिलाते हैं। इस वर्ष भी समाजसेवी बढ़-चढ़कर शहर में जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था निःशुल्क कर रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता मनोज शर्मा ने भी सेन चौराहे पर एक विशाल निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की है। जिसके शुभारंभ के लिए ब्राह्मण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति भाजपा के नारायण प्रसाद शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। एवं अपने हाथों से राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया। इस मौके पर मनोज शर्मा ने बताया कि बैशाख के महीने में पक्षियों को और राहगीरों को पानी पिलाने का भी महत्व है और पुण्य का कार्य भी है। हम प्रतिवर्ष पक्षियों को और राहगीरों को पानी की व्यवस्था करते हैं। जिससे हमें आनंद प्राप्त होता है।

### नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला न्यायालय के सभाकक्ष 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक आयोजित की गई। आगामी लोक अदालत की रूपरेखा, प्रक्रिया एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। न्यायाधीशों को नेशनल लोक अदालत की कार्यवाही एवं उससे संबंधित दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# गल्ला मंडी में किसान व्यापारी के बीच हुआ विवाद



**जागरण अशोकनगर।**

बुधवार की दोपहर में पुरानी गल्ला मंडी में एक व्यापारी और किसान के बीच डाक बोली को लेकर विवाद हो गया। विवाद के कारण कई घंटे तक डाक बोली बंद रही इस कारण किसानों को अपनी उपज की नीलाम बोली लगने का काफी देर तक इंतजार करना पड़ा और किसान परेशान हुए। हालांकि मंडी सचिव के बाद विवाद शांत हो गया। बताया जा रहा है कि नवीन गल्ला में इन दिनों अनाज खासकर गेहूं की बंपर आवक हो रही है। इस कारण किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बुधवार की दोपहर में करीब दो बजे से डाक बोली शुरू हुई थी। इसी दौरान कम ज्यादा भाव लगाने को लेकर एक किसान और व्यापारी के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि किसान चना लेकर आया था। किसान के मुताबिक मंडी में चना का भाव 5500 से 5600 सौ रुपये चल रहा है। परंतु मंडी में व्यापारी अंखा मिच्ची कर माल खरीद रहे हैं।

# धोखाधड़ी के मामलों में फरार जमीन कारोबारी गुप्ता गिरफ्तार

## जमीनों की हेराफेरी के दर्ज थे 6 मामले



**जागरण, शिवपुरी।** शहर में जमीन कारोबार से जुड़े व्यापारी राजीव गुप्ता को दो साल की मसक्कत के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी के 6 मामलों में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे न्यायालय में पेश करेगी। आरोपी राजीव गुप्ता पर जमीनों की हेराफेरी करने और लोगों के साथ हेराफेरी करने को लेकर कोतवाली में 6 मामले दर्ज हुए थे। इसके बाद से ही पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी और दो वर्ष की लम्बी फरारी काटने के बाद पुलिस ने आज उसे धर दबोचा।

शिवपुरी निवासी राजीव गुप्ता ने सत्तारूढ दल के प्रभावशाली नेता के संरक्षण में शहर में जमीनों का व्यवसाय शुरू किया। उसके सहयोगियों में एक कर्मचारी नेता भी शामिल था। देखते ही देखते जमीनों के व्यापार में उसने अपनी थाक जमा ली। उसके साथ शहर के कई नामचीन लोग जिनमें शिक्षक, राजनैतिक रसूख रखने वाले लोगों सहित प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी भी जुड़ गए हैं। जिनके प्रभाव के चलते राजीव गुप्ता ने जमीनों का एक बड़ा कारोबार खड़ा कर लिया और कई शासकीय जमीनों पर भी अपना अधिकार जमा लिया। कई स्थानों पर प्लाटिंग की गई। उस पर यह गंभीर आरोप लगा कि उसने एक ही प्लाट को कई लोगों को विक्रय कर दिया। जिसके परिणामस्वरूप खरीदने वालों ने राजीव गुप्ता पर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज कराई और कोतवाली पुलिस ने ऐसे 6 मामले दर्ज किए जिनमें राजीव गुप्ता शामिल था। इन धोखाधड़ियों के मामलों में लगभग दो साल से राजीव फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसने पकडने का प्रयास कर रही थी लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था आज सुबह कोतवाली पुलिस को राजीव गुप्ता के शहर में होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने दविश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जहां से उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग बालिका बरामद



**जागरण, शिवपुरी।** इंदार थाना पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिक को दस्तयाब कर बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंदार थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया के अनुसार, 7 अप्रैल को फरियादी उम्र 42 साल निवासी कुशुअन थाना इन्दार ने अपनी लड़की उम्र 17 साल 10 माह को दिनांक 06-07.04.25 की दरम्यानी रात्रि मे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट लेख कराई थी रिपोर्ट पर से अप क्रमांक 75/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। थाना इंदार द्वारा अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु टीम गठित की जाकर दिनांक 21.04.2025 को अपहृता को दस्तयाब कर प्रकरण मे धारा 87, 64 बीएनएस 3/4 पोक्सो एक्ट ईजाफा की गई तथा अपहरण कर शादी करने एवं बलात्कर करने वाले आरोपी जितेन्द्र पुत्र मिश्रीलाल जाटव उम्र 24 साल निवासी ग्राम कुशुअन थाना इंदार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचे जाने की दी हिदायत, टीम ने 6 प्रतिष्ठानों के लिए सैम्पल



**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थ की जांच के निर्देश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम और नापतोल निरीक्षक के संयुक्त दल द्वारा शहर के कई प्रतिष्ठानों और मोबाइल फूड वेंडर का निरीक्षण किया गया और 6 स्थानों से खाद्य पदार्थों से सैंपल भी लिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जंक फूड बेचने वालों को हिदायत भी दी है कि सही तेल का उपयोग करें। मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचें। जिसमें घी, पनीर, कुल्फी, बादाम शेक, आशीर्वाद नूडल्स पैक्ड, चावल और उड़द दाल डोसा आटा आदि पर विशेष तौर से चेकिंग की गई।

शिवपुरी एसडीएम उमेश कौरव ने बताया कि शिवपुरी शहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विष्णु दत्त शर्मा और नापतोल निरीक्षक आरके चतुर्वेदी ने संयुक्त दल के साथ नीलगर चौराहा स्थित महाकालेश्वर दूध डेयरी से घी खुला, प्रिंस दूध डेयरी नीलगर चौराहा से पनीर, शिव शक्ति मिक्स आइसक्रीम ग्वालियर बायपास से कुल्फी, शिव शक्ति मिक्स आइसक्रीम से बादाम शेक जूस, गुरुद्वारा स्थित आमी डोसा वाला से आशीर्वाद नूडल्स पैक्ड, चावल उड़द दाल डोसा आटा के सैंपल लिए हैं।

### स्कॉर्पियो में अवैध हूटर और नेम प्लेट लगाने पर कार्रवाई

**जागरण, शिवपुरी।** एक स्कॉर्पियो मालिक को अवैध हूटर और लाइट लगाने का शौक महंगा पड़ गया। पुलिस ने बुधवार को एक ही व्यक्ति पर एक महीने में दूसरी बार कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने 23 मार्च को माधव चौक पर एक स्कॉर्पियो को रोका था। वाहन में अवैध हूटर, लाल-सफेद लाइट और नियम विरुद्ध नेम प्लेट लगी थी। पुलिस ने मौके पर ही सभी अवैध उपकरण हटवाए और वाहन मालिक रणवीर उर्फ हरिओम यादव पर 7 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। ठीक एक महीने बाद 23 अप्रैल को कोतवाली प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ को पुरानी मंडी क्षेत्र में वही स्कॉर्पियो फिर से अवैध हूटर और नेम प्लेट के साथ मिली। प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को रोका। इस बार पुलिस ने हूटर और नंबर प्लेट जब्त कर 9 हजार रुपए का चालान काटा। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि कानून सभी के लिए समान है। उन्होंने कहा कि चाहे पहली बार हो या दसवीं बार, नियम तोड़ने पर कार्रवाई निश्चित है।

### एबीवीपी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में आतंकियों का पुतला फूंका



**जागरण, शिवपुरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को दो अलग-अलग मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में किया गया। एबीवीपी इकाई अध्यक्ष कपिल गुर्जर ने कहा कि पहलगाम की घटना में आतंकियों ने धर्म पूछकर पर्यटकों को गोली मारी। विद्यार्थी समुदाय ऐसी घटनाओं का विरोध करता है। इसी दिन एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नशे के खिलाफ भी आवाज उठाई। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय से एसपी कार्यालय तक मार्च किया। एएसपी संजीव मुले को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें शिवपुरी जिले में नशे के विक्रय और प्रसार पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। एबीवीपी नगर मंत्री विक्रम गुर्जर और प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ रघुवंशी ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए आगे भी चरणबद्ध आंदोलन और जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 70 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त



**जागरण, शिवपुरी।** सुभाषपुरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 70 लीटर अवैध शराब के साथ एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

सुभाषपुरा थाना प्रभारी राजीव कुमार दुबे के अनुसार आज मुखबिर की सूचना पर आरोपीगणों ऐदल गुर्जर पुत्र लखन गुर्जर उम्र 19 साल निवासी ग्राम सिकरावली थाना भंवरपुरा जिला ग्वालियर एवं गोलू गुर्जर पुत्र भरत गुर्जर उम्र 18 साल निवासी ग्राम सिकरावली थाना भंवरपुरा जिला ग्वालियर जो अवैध शराब लेकर अपने ग्राम सिकरावली से सतनवाडा तरफ मोटरसायकल से विक्रय करने जा रहे थे को अवैध रूप से हाथ भट्टी की कच्ची शराब 70 लीटर मय प्लेटिना मोटरसायकल के ले जाते हुए पकडा गया एवं आरोपीगणो से दो प्लास्टिक की कैनों में 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एवं प्लेटिना मोटरसाकल कुल कीमती 70500/- रूपये का सामान जप्त किया गया एवं आरोपीगणो को गिरफ्तार किया जाकर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपीगणों को माननीय न्यायालय शिवपुरी पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि राजीव कुमार दुबे, प्रआर अभय सिंह, अतिवल सिंह, अनिल कुमार, आर रवि कुमार, अर्जुन जाट, म.आर. प्रीति राठौर, आर. दामोदर भार्गव की अहम भूमिका रही।

# गेहूं खरीदी में अनियमितता को लेकर एसडीएम ने किया कमला वेयरहाउस का निरीक्षण

## देहरादा गणेश सोसायटी कर रही है खरीदी, गोदाम के पीछे तुला रही है ट्रॉली



**जागरण, कोलारस।** किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए शासन द्वारा सोसाइटी द्वारा गेहूं की खरीदी की जाती है हर वर्ष गेहूं खरीदी में लेन देन कर बाद में आने वाले किसान के माल को पहले खरीदना , साथ ही इस किसान हितैषी कार्य में सोसाइटी प्रबंधकों का माफिया व्यापारियों से मिलकर इस पुनीत कार्य को भी कमाई और कमीशन का जरिया बना डाला।

जिला कलेक्टर के निर्देश पर सभी अधिकारी चाक चौबंद है किंतु खरीदी केंद्र पर लगे युवा दलाल और कमीशनखोर किसानों का जमकर शोषण कर रहे है। ऐसा ही एक मामला टोल टैक्स के आगे हाई वे स्थित कमला वेयरहाउस का सामने आया है जहां बाद में आए किसानों को पहले वरदाना देकर उक्त क्रमिक व्यवस्था को विवादित बनाया जा रहा है। चूंकि बाजार मूल्य से खरीदी केंद्रों पर उच्च भाव मिलता है और यहां काम करने वाले से सेटिंग कर घटिया माल भी तुल जाता है इस कारण व्यापारी किसान के रजिस्ट्रेशन पर मील क्वालिटी का गेहूं उक्त खरीदी केंद्रों पर देर रात को तौले जाते है। देहरादा गणेश सोसायटी द्वारा कमला वेयरहाउस पर चल रहे गेहूं खरीदी केंद्र की शिकायत जब एसडीएम अनूप श्रीवास्तव को मिली तो वे तहसीलदार सचिन भार्गव और पुलिस बल के साथ किसानों के बीच पहुंच गए।उन्होंने कमला वेयरहाउस पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनी। क्रम से सभी किसानों का माल खरीदने के निर्देश दिए और वारदाना भी किसानों को उपलब्ध कराया। हालांकि उनके जाने के बाद आगे माल तुलने के साथ साथ वेयरहाउस के पीछे भी माल खरीदने का दूसरा कारोबार जारी रहा।

### इनका कहना है

हमने कमला वेयरहाउस जाकर सभी किसानों से चर्चा की। पुलिस के सहयोग से सभी कुछ व्यवस्थित किया और किसानों को बरदाना उपलब्ध कराया। खरीदी केंदों पर कोई भी गड़बड़ी न हो इसके लिए हमने सख्त निर्देश सभी को दे रखे है।

**अनूप श्रीवास्तव, एसडीएम कोलारस**

### कार पेड़ से टकराई, महिला की मौत, चार घायल

**शिवपुरी।** शिवपुरी श्योपुर हाईवे पर आज सुबह कोटा से शिवपुरी आ रही एक कार बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई जिससे कार में सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि कार में बैठे चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए शिवपुरी रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के बूंदी जिले में स्थित चबूतरे का खेड़ा गांव के कुछ लोग पोहरी के हरदई गांव में हुई गमी में शामिल होने कार से आ रहे थे। जहां रास्ते में कार अचानक बेकाबू हो गई और एक पेड़ से आकर टकरा गई। उसी समय एक दूसरी कार वहां आई जिसमें सवार लोगों ने तत्काल कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल भेजा वहीं कार में सवार एक 60 वर्षीय महिला रूपकंवर पत्नि रघुराज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शिवराज सिंह उसकी पत्नि मिथलेश, देवेन्द्र राजपूत और चांद कबर हाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

**आज शहर के कई इलाकों में बिजली रहेगी बंद**

**गुना।** सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी 33/11 केव्ही हड्डीमील सब-स्टेशन पर मेंटेनेंस कार्य होने से दिनांक 24 अप्रैल 2025 को प्रातः 09.30 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे नगर बीजी रोड़, आदर्शनगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी साई सिटी कॉलोनी एवं झुल्लनपुरा आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।


# जागरण गुना

गुना, 24 अप्रैल, 2025 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com


**200 खंती 78 छोटी- छोटी नाली का निर्माण**

**जागरण, नरसिंहपुर।** राज्य सरकार खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान चला रहा है। इसी क्रम में विश्व जल दिवस से लेकर विश्व पृथ्वी दिवस तक श्रीराम आरण्यक घाटी चिनकी में वर्षा जल के संग्रह के उद्देश्य से अब तक लगभग 200 खंती, 78 छोटी-छोटी नाली और 300 से ज्यादा पौधों में थालों का निर्माण किया जा चुका है।

## न्यूज कॉर्नर

### पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आक्रोश

**गुना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। इसी कड़ी में गुना जिले में विभिन्न संगठनों, सामाजिक समूहों और धर्मगुरुओं द्वारा विरोध प्रदर्शन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। आतंकी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हमलावरों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। विद्यार्थी परिषद ने फूंका पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जयस्तंभ चौराहे पर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाकर विरोध जताया।

### जनपद बमोरी में हुआ रूफ वॉटर निर्माण

**गुना।** मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अवधि दिनांक 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। जिसमें पुरानी जल संरचनाऐं जो अनुपयोगी हैं उनके जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य कराया जाकर अनुपयोगी संरचनाओं को उपयोगी बनाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बमोरी श्री पुष्पेन्द्र व्यास ने बताया कि आज जनपद पंचायत बमोरी की क्षेत्रांतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में रूप वाटर हार्वेसिंटग के कार्य (प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहीयों, पंचायत भवनों, स्कूल, आंगनवाडी भवन इत्यादि में) लिये जाकर प्रारंभ कराये जा रहे है।

### नेशनल लोक अदातल 10 मई को, हुई बैठक

**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना की अध्यक्षता में आज दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला मुख्यालय गुना के न्यायाधीशों के साथ जिला न्यायालय के कॉफ्रेस हॉल में बैठक आयोजित की गई। अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा समस्त न्यायाधीशगण को आगामी आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रीसिटिंग बैठके कर उभयपक्ष के मध्य राजीनामा कर निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### चान्दौल गुफा मंदिर में किया श्रमदान

**गुना।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में ग्राम चान्दौल गुफा मंदिर के पास चौपेट नदी में आज श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री अमित गोयल ने ग्रामीण, नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं के साथ चान्दौल गुफा मंदिर के पास चौपेट नदी पर दो घंटे तक श्रमदान कर नदी मे विसर्जित की गई पूजन सामग्री, विसर्जित विसर्जित मूर्ति के अवशेष,पॉलिथिन आदि कचरा साफ किया लगभग 30 कट्टे कचरे को इकत्रित कर कचरा उचित जगह पहुंचाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक जी ने कहा जल हमारे जीवन का आधार है जीवन मे इसके महत्व को हमको समझना चाहिए। जल को हम केवल संरक्षित करके रखें, तभी हमारी आने वाली पीढीया इसका उपयोग कर पायेंगी जल बनाया नही जा सकता इसको केवल बचाया जा सकता है।

### टीका फलदान कार्यक्रम में शामिल होने आए थे मामा और बुआ के बच्चे

# नेशनल हाइवे पर सड़क क्रॉस कर रहे दो नाबालिगों की मौत

**जागरण, गुना।** गुना से 8 किलोमीटर दूर गादेर इलाके में सड़क हादसे में दो नाबालिगों की मौत हो गई। दोनों मंगलवार रात शौच कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में दोनों के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार रात 11 बजे के आसपास की है। गादेर निवासी भरत सहरिया पिता ज्ञानसिंह (17) अपनी बुआ के बेटे संस्कार (17) पिता मजबूत सिंह सहरिया निवासी चिल्का के साथ



हादसा हुआ। मंगलवार को चिल्का गांव से कुछ लोग गादेर गांव में टीका फलदान देने के लिए आए थे। संस्कार भी उनके साथ ही आया था। फलदान देकर शाम को सभी लोग वापस चले गए। वहीं संस्कार अपने मामा ज्ञान सिंह के यहां रुक गया। रात में वह अपने मामा के बेटे भरत के साथ नेशनल हाईवे क्रॉस कर शौच के लिए गया था। रात लगभग 11 बजे दोनों वापस लौट रहे थे। इस दौरान हाईवे क्रॉस करते समय किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद देर रात एम्बुलेंस से दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में दोनों के शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बंद है हाईवे की एक लेन

स्थानीय लोगों ने बताया कि नेशनल हाईवे की एक लेन लंबे समय से बंद है। यहां एक तरफ सड़क सुधारने का काम चल रहा है। इसी कारण वाहन एक पट्टी से ही गुजर रहे हैं। हाईवे पर वाहनों की आवाजाही भी काफी है। निर्माण कंपनी द्वारा बीच बीच में रास्ता खोल दिया जाता है। लगातार वाहनों के कारण यहां से नागरिकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है

### संयुक्त कलेक्टर ने लिया लोक सेवा केंद्रों का जायजा

**गुना।** संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया एवं लोक सेवा प्रबंधक श्री भ्रगेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा मंगलवार को राघौगढ़ एवं चांचौड़ा स्थित लोक सेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। लोक सेवा केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि आमजन को बढ़ती गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# जिले में वाहन चोर गिरोह सक्रिय, एक ही रात में ट्रैक्टर सहित तीन बाइक चोरी

### छह महीने तक चक्कर लगाने के बाद कैंट थाने में दर्ज हो सकी ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट

**जागरण, गुना।** जिले में वाहन चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बीती रात कैंट थाना क्षेत्र से एक ट्रैक्टर और दो बाइकें तथा कोतवाली थाना क्षेत्र से एक बाइक चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ितों ने थानों में पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें से ट्रेक्टर चोरी के मामले में तो पुलिस ने फरियादी को छह महीने तक थाने के चक्कर लगवाए। जिसके बाद गत दिवस उसकी शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना कैंट थाना अंतर्गत ग्राम सिंगवासा की है। फरियादी राधेश्याम बंजारा निवासी पानी की टंकी के पास ने पुलिस को बताया कि उसके ससुर रघुनाथ बंजारा के नाम पर फाइनेंस किया गया लाल रंग का महिंद्रा 575 ट्रैक्टर एमपी 37-6129 वह खुद चलाता था।




18 नवंबर 2024 की शाम को उसने ट्रैक्टर घर के सामने खड़ा किया और रात में खाना खाकर सो गया। जब अगली सुबह 4 बजे उठा, तो देखा कि ट्रैक्टर गायब था। राधेश्याम ने आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन ट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं मिला। किसी अज्ञात चोर ने ट्रैक्टर चोरी कर लिया।

दूसरी घटना कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम पगारा की है, जहां सेन सिंह कुशवाह ने दो मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेन सिंह ने बताया कि गत रात उसने अपनी काले-लाल रंग की बजाज पल्सर क्रमांक एमपी 67-2706 और रिश्तेदार की हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक एमी 08-8924 को दैलान में खड़ा किया था। जब सुबह 5 बजे उठा, तो दोनों बाइकें गायब थीं। अज्ञात चोर रात के अंधेरे में दोनों बाइक चुरा ले गए।

तीसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। फरियादी नारायण सिंह निवासी श्रीराम कॉलोनी ने बताया कि वह सेंट्रल लॉज में मैनेजर है। 4 अप्रैल की रात करीब 8ः30 बजे उसने अपनी होण्डा साइन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 67-6558 लॉज के सामने खड़ी की थी। एक घंटे बाद लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाएं स्थानीय लोगों में चिंता का विषय बन गई हैं।

### नवागत एसपी अंकित सोनी ने संभाला कार्यभार

# अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा रहेगी प्राथमिकता

**जागरण, गुना।** जिले में पुलिस प्रशासन को नई दिशा देने के उद्देश्य से नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने को गुना जिले के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया। उन्हें यह जिम्मेदारी पूर्व एसपी संजीव कुमार सिंहा से सौंपी गई, जिन्हें हाल ही में हनुमान जयंती पर कर्नलगंज क्षेत्र में हुई हिंसक घटना के बाद हटाया गया था। पदभार ग्रहण करने से पूर्व एसपी अंकित सोनी ने श्री हनुमान टेकरी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और जिले में शांति एवं सौहार्द की कामना की। पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों और स्टाफ की उपस्थिति में उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। पदभार संभालने के बाद एसपी सोनी ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अपराध नियंत्रण को लेकर उन्होंने विशेष रूप से संपत्ति संबंधी अपराधों जैसे चोरी, लूट और डकैती पर सख्त कार्रवाई की बात कही। साथ ही उन्होंने जुआ,



सट्टा, अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाने की मंशा जताई। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एसपी सोनी ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को समयबद्ध तरीके से सुलझाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिले के असामाजिक तत्वों का रिकॉर्ड तैयार कर उनके विरुद्ध निरंतर निगरानी और कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**राघौगढ़।** विजयपुर थाना क्षेत्र के डोंगर-धरनावदा रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना वॉटलिंग प्लांट डोंगर के मोड़ पर हुई, जो कि पहले से ही खतरनाक माना जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क किनारे कई दिनों से जमा सफेद डस्ट हवा में उड़कर दृश्यता को बाधित कर रही थी, जिससे बाइक सवारों को सामने से आती गाड़ी नहीं दिखी और आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही 100 डायल पुलिस मौके पर तुरंत पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। साथ ही 108 एंबुलेंस सेवा भी मौके पर पहुँची और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में राघौगढ़ अस्पताल रेफर किया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस सड़क पर मेंटेनेंस न होने और डस्ट की वजह से हादसे अब आम हो चले हैं। उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और तत्काल सुधार की माँग की है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिले में इस तरह के हादसे होने से लोगों की जान जोखिम में है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई

## दुकानों का निरीक्षण कर आइस्क्रीम और कोल्ड ड्रिंग्स के लिये सैंपल



**जागरण, गुना।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जाँच एवं सैंपलिंग की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं डॉ आरआर माथुर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला गुना के मार्गदर्शन में मधुसूदनगढ़ तहसीलदार के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मधुसूदनगढ़ में खाद प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर पंचायत मार्केट स्थित विनोद साहू किराना दुकान से धनिया पाउडर, मिर्ची पाउडर, एवं हल्दी पाउडर के नमूने एवं भोलेनाथ आईस केन्डी एवं कोल्डड्रिंक से आइसक्रीम कुल्फी, लस्सी एवं मावा के सैंपल जांच हेतु लिए गए सभी सैंपल राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जावेगी। निरीक्षण के दौरान खाद सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य कारोबार-कर्ताओं को खाद्य सामग्री के उचित रखरखाव, साफ सफाई एवं शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री रखने एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए।

# नपा की नई प्रभारी अधिकारी ने पहली बैठक में स्वच्छता व्यवस्था की बताई प्राथमिकता

**जागरण, गुना।** नगरपालिका परिषद में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार ग्रहण करने के बाद मंजूषा खत्री ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की। यह बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त करते हुए आगामी कार्य योजनाओं को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में सुश्री खत्री ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करने के लिए कहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता पर सुधारना, राजस्व वसूली में वृद्धि लाना, कार्यालयीन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा।



उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन से विनम्रता एवं सम्मान के साथ व्यवहार करें और यदि किसी को कोई भी समस्या आती है, तो वे सीधे उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि नगरपालिका एक सेवा प्रदायक संस्था है, अतः प्रत्येक कर्मचारी को ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए जनता के प्रति उत्तरदायी रहना चाहिए। प्रभारी अधिकारी ने शहर की पहली प्राथमिकता के रूप में सौंदर्यकरण और अतिक्रमण हटाने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण शहर की यातायात व्यवस्था, सफाई और नागरिक सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसे हटाना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से उनके कार्यक्षेत्र की नियमित समीक्षा और निष्पादन की रिपोर्ट देने को भी कहा। इस महत्वपूर्ण बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी तेज सिंह यादव, सहायक यंत्री शैलेन्द्र आवासीय, उपयंत्री सुनील कुमार जैन, उपयंत्री नितिन चंदेल, महिला उपयंत्री भारती तिवारी, जल प्रकोष्ठ प्रभारी संचित डिमरी, कार्यालय अधीक्षक शिवराज सिंह सिकरवार आदि मौजूद रहे।

## मातृशक्ति बच्चों को दे रहीं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

**गुना।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के तत्वाधान में आत्मरक्षा के लिए लाठी तलवार मार्शल आर्ट का साप्ताहिक प्रशिक्षण 21 अप्रैल से प्रारंभ हुआ । जो 27 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा मातृशक्ति जिला संयोजिका सपना शर्मा ने बताया सभी मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहने अपने बच्चों एवं बहनों को लेकर प्रशिक्षण में आ रही है । मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण विभाग संयोजिका प्रीति गुप्ता दे रही है । साथ ही लाठी तलवार का प्रशिक्षण भूमिका कुशवाहा नगर संयोजिका दे रही है । बच्चे काफी उत्साहित है । साथ ही मातृशक्ति भी प्रशिक्षण ले रही है । वह भी उत्साहित है साथ ही मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की सहसंयोजी का नीरज अवस्थी प्रचार प्रसार, संयोजिका इंदु सोनी, नगर संयोजीका नीति भार्गव, सहसंयोजीका संध्या शर्मा,प्रीति शर्मा,श्वेता शर्मा, सोना शर्मा,माया दीदी सभी बहने सहयोगी के रूप में व्यवस्था देख रही हैं ।

# मांगों को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे स्वास्थ्य संविदाकर्मी



**जागरण, गुना।** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान गुना में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं को मौन रखकर और श्रद्धांजलि अर्पित कर भावभीनी विदाई दी। प्रदर्शनकारियों ने हमले की निंदा करते हुए शहीद श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा यह आंदोलन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि संविदा नीति 2023 के तहत घोषित लाभों को जल्द से जल्द लागू किया जाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि न सिर्फ वादे अधूरे हैं, बल्कि पहले से मिल रही सुविधाएं भी कम कर दी गई हैं।हड़ताल का असर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर साफ देखने को मिल रहा है।

### युवा संगमः कोई काम बड़ा छोटा नही होता, छोटे स्तर से शुरुआत कर पाएं बड़ा मुकाम

# निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए 153 युवाओं को दिया ऑफर लेटर

**गुना।** गुना में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन जिला पंचायत विश्राम गृह में किया गया। कलेक्टर ने युवाओं से पूछा कि जब नौकरी मिल जाती है, तो छोड़कर क्यों आ जाते हैं। इस पर एक युवा ने कहा कि दूसरे राज्यों में खाने, रहने की समस्या होती है। इस कारण वापस आ जाते हैं। हर महीने के तीसरे बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें अलग-अलग कंपनी के युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाते हैं। अलग-अलग विभाग स्वरोजगार के लिए ऋण का वितरण मौके पर ही किया जाता है। रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि ये देख है कि जब कंपनियों के लोग आते हैं, आप में से बहुत युवाओं को सेलेक्ट भी करते हैं। आपने कभी ऐसा सोचा है कि कुछ समय बाद कुछ बच्चे क्यों काम छोड़ देते हैं। इसके क्या कारण हैं। इस पर एक युवा ने कहा कि वहां पर एक तो सैलरी का इश्यू रहता है। दूसरा वहां पर रहने, खाने, पीने का कुछ मैनेज नहीं कर पाते। फैमिली का शायद



मेन इश्यू रहता है। कलेक्टर ने कहा कि ये सही है। कोई कंपनी इंदौर ने काम देती है, कोई प्रदेश के बाहर देती है। पर आपने कभी ये सोचा है कि कंपनी आपके लिए काम कर रही है या आप कंपनी के लिए काम कर रहे हो। यदि आप कंपनी के लिए काम कर रहे हो, तो इसका मतलब है कि कंपनी के कुछ नियम, कायदों को मानना पड़ेगा। सब कुछ अपने हिसाब से तो नहीं हो सकता। हमे भी थोड़ा कंपनी के हिसाब से काम करना पड़ेगा। उनके नियम, कायदों को मानना पड़ेगा। हर काम में स्थायित्व और धैर्य जरूरी है। इन रोजगार मेलों में कई बच्चे ऐसे भी होते हैं, जो पहले आपकी तरह 15-20 हजार रुपए प्रतिमाह की सैलरी पर काम कर रहे थे और आज सिलेक्शन करने वाले कमेटी में हैं। उन्होंने कहा कि गुना में भी औद्योगिक विकास के लिए निरंतर काम किया जा रहा है। अडानी ग्रुप द्वारा लगाने जाने वाले सीमेंट प्लांट का संभवतः जुलाई में भूमिपूजन हो रहा है। जिले में ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज लगें, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के लिए जमीन दे दी गई है। जल्द ही उसका भी निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। हम विकसित गुना के लिए काम कर रहे हैं। रोजगार मेले में कंपनियों ने युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। अतिथियों ने युवा संगम कार्यक्रम में 323 हितग्राहियों को 4 करोड़ 20 लाख का मौके पर हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों को लीड बैंक के समन्वय से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के शिशु, किशोर, तरुण योजना के तहत भी हितलाभ इस माह वितरण किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, जिला पंचायत ष्टश्वह्र अभिषेक दुबे, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना, जनप्रतिनिधि और अधिकारी, कर्मचारी सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दिशा बैठक में योजनाओं की प्रगति पर बिंदुवार हुई समीक्षा

**जागरण, गुना।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में 1 दिसंबर 2024 को आयोजित दिशा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दिशा बैठक में दिए गए निर्देशों की बिंदुवार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम 5त्र इंटेलिजेंस विलेज की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि इसकी दिशा में कमेटी का गठन कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके पश्चात सीमेंट प्लांट की कार्य प्रगति पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि जुलाई माह तक इसकी सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में सीएम राइज स्कूल, आयुष अस्पताल एवं जिला अस्पताल के विस्तार से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। जिला चिकित्सालय की योजनाओं के तहत 11 किलोवॉट विद्युत लाइन को 33 किलोवॉट में परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता जताई गई, इस पर कलेक्टर श्री ने कहा कि आप मेरे माध्यम से एक पत्रक भिजवाए और इस कार्य को जल्दी पूरा करे । कलेक्टर ी कन्याल ने जिला चिकित्सालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही, जिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता है, उसकी अद्यतन जानकारी तैयार कर भेजने को कहा। इसके बाद जल संसाधन विभाग की पटाई डैम, ग्वालटोरिया, पन्हेटी एवं खेजरा सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। गोपालपुर तालाब फिल्टर प्लांट योजना के संबंध में जानकारी दी गई।